## न्यूज डायरी



### जापान के क्रूज पर 10 और लोगों को करॉना वायरस की पुष्टि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान ने करॉना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जिस क्रूज के यात्रियों को अलग रखा था, उनमें से 10 और लोग इससे संक्रमित पाए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही क्रूज पर सवार लोगों में से कुल 20 के करॉना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। जापान के अधिकारी 'डायमंड प्रिंसेज' क्रूज पर सवार यात्रियों में से अब तक 273 लोगों के नमूनों की जांच कर चुके हैं। क्रूज पर करीब 3700 यात्री सवार हैं, जो करीब 14 दिन तक नौका पर ही रहेंगे। दरअसल जापान ने यह कदम 80 वर्षीय एक व्यक्ति के वायरस से पीड़ित पाए जाने के बाद उठाया गया है। चीन में इस वायरस से अभी तक 563 लोगों की जान जा चुकी है।

### आर्टिकल 370 पर फैसले से बाहर निकला हिंदू राष्ट्रवाद का जिन्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बुधवार को कश्मीर एकता दिवस मनाया गया वहीं पीएम इमरान खान ने एकबार फिर आर्टिकल 370 का राग अलापा और दावा किया कि जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाकर पीएम नरेंद्र मोदी ने घातक गलती की है। इमरान ने यहां तक कहा कि पीएम मोदी ने इसलिए यह फैसला किया क्योंकि 2019 आम चुनाव में उन्हें पाकिस्तान को श्बलि का बकराश बनाकर जनादेश मिला था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पाक अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद में असेंबली के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए इमरान ने कहा, मोदी ने घातक गलती की है, ऐसी गलती जिससे वह पीछे नहीं हट सकते हैं...वह भारत को जहां लेकर गए हैं वहां से पीछे नहीं लौट सकते। हिंदू राष्ट्रवाद का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया है और इसे वापस बोतल में नहीं रखा जा सकता है। अगर वह ऐसा करेंगे तो उन्हें विरोध झेलना पड़ेगा और हिंदू राष्ट्रवाद हर किसी को प्रभावित करेंगे।

### तुर्की में विमान रनवे पर फिसलकर तीन हिस्सों में टूटा, तीन लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्तांबुल। तुर्की के इस्तांबुल हवाईअड्डे में रनवे पर उतरते समय एक विमान फिसल गया, उसमें आग लग गई और वह तीन हिस्सों में टूट गया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 179 लोग घायल हो गए। तुर्की के टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में दिख रहा है कि कई लोग विमान के टूटे हुए हिस्से से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। एनटीवी टेलीविजन ने बताया कि तुर्की की किफायती विमानवाहक कंपनी पीगासस एयरलाइंस के उड़ान भरने वाले बोइंग 737 ने बुधवार को एगीन बंदरगाह शहर से इस्तांबुल के सबीहा गोकेन हवाईअड्डे के लिए बुधवार को उड़ान भरी थी। दरअसल विमान तेज हवाओं और इस्तांबुल में हो रही भारी बारिश के चपेट में आ गया। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहरेत्तिन कोका ने पत्रकारों को बताया कि तुर्की के तीन नागरिकों की मौत हो गई और 179 लोग घायल हो गए।

### करोड़ों की सैलरी पाने वाले हाई-प्रोफाइल बैंकर ने की सैंडविच की चोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किसी गरीब व्यक्ति द्वारा खाने की चीज चुराने की खबर आए तो अटपटा नहीं लगता है। लेकिन अगर करोड़ों की सैलरी पाने वाला कोई सैंडविच की चोरी करे तो यह जरूर अजीबोगरीब घटना बन जाती है। ऐसा ही कुछ हुआ है सिटी बैंक के एक हाई-प्रोफाइल बैंकर के साथ। 9 करोड़ की ऊंची सैलरी पाने वाले एक हाई-प्रोफाइल बैंकर को कथित तौर पर सैंडविच चुराने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 31 वर्षीय पारस शाह करोड़ों में सैलरी पाते हैं। पिछले महीने उन्हें सिटीग्रुप के यूरोप, मध्य एशिया और अफ्रीका के हाई-प्रोफाइल ट्रेड हेड के पद से हटा दिया गया। फाइनैंशल टाइम्स की खबर के मुताबिक, बैंक ने उन पर चोरी के अलग-अलग आरोप लगने के बाद हटा दिया।

# डब्ल्यूएचओ ने कहा- कोई प्रभावी इलाज मौजूद नहीं

**करॉना**

## चीन में अब तक 491 मौत, सबसे कम उम्र का मरीज 30 घंटे का नवजात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन ने बुधवार को दावा किया कि पिछले दो दिनों में करॉना वायरस के नए संदिग्ध मामलों की संख्या घटी है । इससे उम्मीदें जगी हैं कि कारगर उपायों की बदौलत इसके प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है । वहीं, देश में मृतकों की संख्या करीब 500 हो गई है । इसमें सबसे कम उम्र का मरीज महज 30 घंटे का है। उधर, डब्ल्यूएचओ का कहना है कि करॉना वायरस के खिलाफ कोई प्रभावी इलाज नहीं है। इसने साथ ही कहा कि नई दवाई या वेक्सिन की टेस्टिंग और विकास में काफी साल लग जाते हैं।



चीन में घातक कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 491 हो गई और इसके 24,324 मामलों की पुष्टि हुई है। दूसरे देशों में वायरस के मामलों की संख्या बढ़कर 182 हो गई। फिलीपीन में पहली मौत का मामला सामने आया जबकि हॉन्ग कॉन्ग ने रविवार को एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की थी। चीन में करॉना पीड़ितों में 30 घंटे का नवजात भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वर्टिकल ट्रांसमिशन का मामला हो सकता है जिसमें संक्रमित मां से बच्चे में गर्भावस्था के दौरान या जन्म के बाद संक्रमण फैलता है। बच्चे को जन्म देने से पहले मां की जांच रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई थी

**एकजुटता दिखाने चीन पहुंचे कंबोडियाई पीएमः** वायरस से मुकाबले के बीच कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन का यहां पर स्वागत किया गया । दौरे के पहले हुन ने करॉना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित वुहान जाने की घोषणा कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। चीन ने हुन सेन की तरफ से प्रदर्शित एकजुटता की भावना की सराहना की लेकिन कहा कि वह वुहान नहीं जाएंगे। पेइचिंग के वफादार हुन सेन का एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने स्वागत किया और बाद में वह राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिले। उधर, पाकिस्तान की तरह कंबोडिया ने भी चीन से अपने छात्रों और राजनयिकों को वहां से निकालने से इनकार कर दिया । हुन सेन ने पेइचिंग के प्रति एकजुटता दिखाते हुए उड़ानें भी रद्द नहीं कीं जबकि वायरस के संक्रमण के डर से कई बड़ी एयरलाइनों ने सेवा रोक दी है।

**एशियाई देशों ने निकाले अपने नागरिकः** मृतकों की संख्या बढ़ने के बीच हॉन्ग कॉन्ग ने कहा कि चीन से आने वाले सभी लोगों को शनिवार से दो सप्ताह तक जरूरी अलग निगरानी में रहना होगा। भारत वुहान से अपने 647 छात्रों को निकाल चुका है । मालदीव के सात लोग भी निकाले गए हैं । श्रीलंका और बांग्लादेश ने भी अपने नागरिकों को निकाला है ।

## जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान का प्रोपेगेंडा प्लान फेल, सऊदी ने मंसूबे पर फेरा पानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। जम्मू कश्मीर को लेकर दुनिया भर में प्रोपेगेंडा बनाने में जुटे पाकिस्तान को सऊदी अरब ने करारा झटका दिया है। पाक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन की बैठक में जम्मू कश्मीर के मसले को उठाना चाहता था, लेकिन सऊदी अरब ने इससे मना कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तान ओआईसी के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के बीच कश्मीर के मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराना चाहता था, लेकिन सऊदी ने इससे साफ इनकार कर दिया है। ओआईसी मुस्लिम देशों का संगठन है, जिसमें चार महादेशों के 57 देश सदस्य हैं। ओआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों की 9 फरवरी को जेद्दाह में बैठक होने वाली है। इसमें पाकिस्तान जम्मू कश्मीर पर चर्चा कराना चाहता है, लेकिन सऊदी इसके लिए तैयार नहीं है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने ओआईसी की बैठक को ध्यान में रखकर कहा है कि कश्मीर पर मुस्लिम देशों को एकजुटता का संदेश देना चाहिए। हालांकि कश्मीर पर सऊदी की ओर से इनकार किए जाने के बाद पाकिस्तान के मंसूबे पर पानी फिर गया है। मालूम हो कि भारतीय संसद ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी कर दिया था।



सीरिया पर इजराइली हमला, मारे गए ईरान समर्थक 12 लड़ाके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। सीरिया में दमिश्क के निकट और दक्षिणी क्षेत्र में इजराइली हवाई हमलों में ईरान समर्थक 12 लड़ाके मारे गये। ब्रिटेन स्थित श्सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दमिश्क के दक्षिण में किस्वा क्षेत्र में सात विदेशी लड़ाके मारे गये। ऑब्जर्वेटरी के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने बताया कि दारा प्रांत के एजरा क्षेत्र में एक ईरानी समर्थक समूह के पांच सीरियाई सदस्य मारे गये। सीरियाई सेना के एक सूत्र के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी श्सनाश ने बताया कि इन हवाई हमलों में दमिश्क क्षेत्र और दारा तथा निकटवर्ती प्रांत कुनीतरा में ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई की गई।

## यरुशलम में सैनिकों को निशाना बनाकर कार पर हमला, 14 हुए घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



यरुशलम। यरुशलम में बुधवार की देर रात इजराइली सैनिकों को निशाना बनाकर किए गए एक कार हमले में 14 लोग घायल हो गए। इस हमले के लिए फलस्तीनी इस्लामी संगठन हमास को जिम्मेदार बताया जा रहा है और यह भी कहा जा रहा है कि उसने यह हमला अमेरिका की विवादित पश्चिम एशिया शांति योजना के जवाब में किया। हमले के बाद कार चालक फरार है। यरुशलम के चर्चित मनोरंजन स्थल के बाहर हमले के बाद कार का चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। हमला ओट्टोमन युग के ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन फर्स्ट स्टेशन के बाहर देर रात दो बजे से पहले हुआ। इस स्टेशन को बाद में सांस्कृतिक एवं मनोरंजन केंद्र में बदल दिया गया था, जहां बार और रेस्त्रां भी हैं। सेना ने बताया कि हमलावर सड़क के बाहर फंस गया था जहां सैनिक मार्च कर रहे थे।

**एक सैनिक गंभीर रूप से घायल** घटना में इनमें से एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। सरकारी रेडियो ने बताया कि वे नए रंगरूट थे जो यरुशलम के वेस्टर्न वॉल में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। वेस्टर्न वॉल एक पवित्र स्थल है जहां यहूदी प्रार्थना करते हैं। सेना ने बताया, घटना के दौरान एक आतंकवादी ने अपनी कार (इजराइली) सैनिकों की ओर मोड़ दी।

पुलिस के प्रवक्ता मिकी रोजेनफेल्ड ने बताया, इजराइली सैनिक फिलहाल घटनास्थल से फरार आतंकवादी का पीछा कर रहे हैं। घटना की आतंकवादी हमले के तौर पर जांच की जा रही है।

### यरुशलम में कार हमले में 14 लोग घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। यरुशलम में बुधवार की देर रात इजराइली सैनिकों को निशाना बनाकर किए गए एक कार हमले में 14 लोग घायल हो गए। इस हमले के लिए फलस्तीनी इस्लामी संगठन हमास को जिम्मेदार बताया जा रहा है और यह भी कहा जा रहा है कि उसने यह हमला अमेरिका की विवादित पश्चिम एशिया शांति योजना के जवाब में किया। यरुशलम के चर्चित मनोरंजन स्थल के बाहर हमले के बाद कार का चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। हमला ओट्टोमन युग के ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन 'फर्स्ट स्टेशन' के बाहर देर रात दो बजे से पहले हुआ। इस स्टेशन को बाद में सांस्कृतिक एवं मनोरंजन केंद्र में बदल दिया गया था, जहां बार और रेस्त्रां भी हैं। सेना ने बताया कि हमलावर सड़क के बाहर फंस गया था जहां सैनिक मार्च कर रहे थे। घटना में इनमें से एक सैनिक "गंभीर रूप से घायल" हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। सरकारी रेडियो ने बताया कि वे नए रंगरूट थे जो यरुशलम के वेस्टर्न वॉल में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे।